आंतरिक परीक्षा 2020 बी.ए.– द्वितीय वर्ष

विषय – हिन्दी साहित्य | **समय– 3 घण्टा**
प्रश्नपत्र – प्रथम (अर्वाचीन हिन्दी काव्य) | **पूर्णांक – 75**

नोट– सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

प्र.1– निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 21

(क) हम कौन थे, क्या हो गए है और क्या होंगे अभी,
आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी।
यद्यपि हमें इतिहास अपना प्राप्त पूरा है नहीं,
हम कौन थे इस ज्ञान को, फिर भी अधूरा है नहीं।

''अथवा''

राजे ने अपनी रखवाली की
किला बनाकर रहा,
बड़ी–बड़ी फौंजे रखी
चापलूस कितने सामंत आये
मतलब की लकड़ी पकड़े हुए
कितने ब्राम्हण आए
पोथियों में जनता को बांधे हुए

(ख) अरे निष्ठुर परिवर्तन
तुम्हारा ही ताण्डव नर्तन
विश्व का करूण विवर्तन।
तुम्हारा ही नयानोन्मीलन,
निखिल उत्थान पतन।

''अथवा''

तुम्हारी चरण–रेखा देखते है वे
उन्हें भी देखने का तुम समय पाओ
तुम्हारी आन पर कुर्बान जाते हैं
अमीरों से जरा नीचे उतर आओ।

(ग) जो कली खिलेगी जहाँ, खिली
जो फूल जहाँ है जो भी सुख
जिस भी डाली पर, हुआ पल्लवित, पुलकित
मैं उसे वहीं पर अक्षत, अनाघ्रात, अस्पष्ट, अनाविल
हे महाबुद्ध। मैं अर्पित करती हूँ तुझे।

''अथवा''

घर मेरा कोई है नहीं,
घर मुझे चाहिए
घर के भीतर प्रकाश हा,
इसकी भी मुझे चिन्ता नहीं है
प्रकाश के घेरे के भीतर मेरा घर हो
इसी की मुझे तलाश है
ऐसा काई घर आपने देखा है?

प्र.2– मैथिलीशरण गुप्त की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 12

''अथवा''

निराला की कविताओं में प्रगतिवादी विचारधारा की सफल अभिव्यक्ति हुई है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

प्र.3– ''सुमित्रानंदन पंत कोमल कल्पना के कवि है।'' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 12

''अथवा''

प्रयोगवाद एवं अज्ञेय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

''अथवा''

माखनलाल चतुर्वेदी जी की साहित्यिक विशेषताओं को लिखिए।

प्र.4– निम्नलिखित में से किन्ही तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए।
(1) श्रीकांत वर्मा का रचना संसार
(2) सुभद्रा कुमारी चौहान का साहित्यिक परिचय
(3) प्रगतिशील साहित्य की विशेषताएँ लिखिए।
(4) हरिऔद्य कृत महाकाव्य का परिचय दीजिए।

प्र.5– निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए– 15
(1) विद्रोही कवि किसे कहा जाता है ?
(2) साकेत के रचनाकार का नाम लिखिए ?
(3) प्रयोगवाद के जनक कौन है ?
(4) हरिऔध का पूरा नाम लिखिए ?
(5) भारतीय आत्मा किसे कहा जाता है ?
(6) तोड़ती पत्थर किस विचारधारा से प्रभावित है ?
(7) महाप्राण किन्हे कहा जाता है ?
(8) प्रकृति के सुकुमार कवि किसे कहा जाता है ?

(9) भारत–भारती की रचना कब हुई थी ?

(10) तारसप्तक का प्रकाशन कब हुआ ?

(11) छायावाद में ब्रम्हा, विष्णु, महेश नाम से कौन–कौन जाने जाते है ?

(12) श्रीकान्त वर्मा का जन्म स्थान कहाँ ह ?

(13) पुष्प की अभिलाषा कविता कहाँ लिखी गई ?

(14) प्रयोगवादी किसी एक कवि का नाम लिखे ?

(15) प्रगतिवाद का समय अवधि क्या है ?

––––––00––––––